दिन– रविवार | दिनांक– 28 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम की एक सौ छब्बीसवीं कड़ी में अपने विचार साझा किए। कहा–महापर्व छठ को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किए जाने का किया जा रहा है प्रयास।

02. निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज की। निगरानी के लिए चार सौ सत्तर केन्द्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की घोषणा।

03. एशिया का सबसे बड़ा साहित्य महोत्सव उन्मेष संपन्न। उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन ने पटना के ज्ञान भवन में समापन सत्र को किया संबोधित।

04. और, प्रदेशभर में शारदीय नवरात्र की धूम। आज माँ दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की हो रही आराधना।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि छठ पूजा अब एक वैश्विक उत्सव में बदल रहा है। श्री मोदी ने आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 126वीं कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए कहा कि सरकार छठ महापर्व को यूनेस्को की सांस्कृतिक धरोहर–सूची में शामिल कराने का प्रयास कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि इस सूची में शामिल होने से दुनियाभर के लोग छठ पूजा की भव्यता और दिव्यता का अनुभव कर सकेंगे।

–––बाइट–––

छठ ना सिर्फ देश के अलग – अलग हिस्सों में मनाई जाती है, बल्कि दुनिया भर में इसकी छटा देखने को मिलती है। आज ये एक ग्लोबल फेस्टिवल बन रहा है। साथियों, मुझे आपको ये बताते हुए बहुत खुशी है कि भारत सरकार भी छठ पूजा को लेकर एक बड़े प्रयास में जुटी है। भारत सरकार छठ महापर्व को यूनेस्को की इंटेजिबल कल्चरल हेरीटेज लिस्ट यानि यूनेस्को की सांस्कृतिक धरोहर की सूची में शामिल कराने का प्रयास कर रही है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोगों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को स्मरण रखते हुए आगामी त्यौहारों के मौसम को स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने की अपील भी की है। मन की बात में अपने विचार रखते हुए श्री मोदी ने कहा कि आगामी दिनों में कई त्यौहार हैं और जीएसटी बचत उत्सव भी चल रहा है। श्री मोदी ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को खरीदने से परिवार में तो खुशी आयेगी ही, कारीगरों के परिश्रम का भी सम्मान होगा और युवा उद्यमियों के सपनों को पंख भी लगेंगे।

———बाइट———

आने वाले दिनों में एक के बाद एक त्योहार और खुशियां आने वाली हैं। हर पर्व पर हम खरीदारी भी खूब करते हैं। और इस बार तो जीएसटी बचत उत्सव भी चल रहा है। अगर हम ठान लें कि इस बार त्योहार सिर्फ स्वदेशी चीजों से ही मनाएंगे, तो देखिएगा, हमारे उत्सव की रौनक कई गुना बढ़ जाएगी। वोकल फॉर लोकल को खरीदारी का मंत्र बना दीजिए।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री ने हथकरघा और हस्थशिल्प क्षेत्र में हो रहे बदलावो ंको लेकर प्रसन्नता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री ने बिहार के मधुबनी जिले की स्वीटी कुमारी की चर्चा की जिन्होंने संकल्प क्रिएशंस नामक स्टार्टअप से मिथिला पेंटिंग को महिलाओं की आजीविका का साधन बना दिया है।

———बाइट———

———————————————————————————

आगामी 2 अक्तूबर को गांधी जयंती के संबंध में प्रधानमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने हमेशा स्वदेशी को अपनाने पर बल दिया, जिसमें खादी सबसे प्रमुख थी। उन्होंने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों के दौरान देश में खादी के प्रति आकर्षण बहुत बढ़ा है और इसकी बिक्री में भी तेज़ी आई है। श्री मोदी ने देशवासियों से दो अक्तूबर को कोई न कोई खादी उत्पाद खरीदने का आग्रह भी किया।

———बाइट———

बीते 11 साल में खादी के प्रति देश के लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ गया है। पिछले कुछ वर्षों में खादी की बिक्री में बहुत तेजी देखी गई है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि 2 अक्टूबर को कोई ना कोई खादी प्रोड्कट जरूर खरीदें। गर्व से कहें – ये स्वदेशी हैं। इसे सोशल मीडिया पर हैशटैग वोकल फॉर लोकल के साथ शेयर भी करें।

रा———————————————————————————

प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में देशभर में विजयादशमी मनाई जायेगी। उन्होंने कहा कि इस बार की विजयादशमी एक वजह से  बहुत विशेष है क्योंकि इसी दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

———बाइट———

अगले कुछ ही दिनों में हम विजयादशमी मनाने वाले हैं। इस बार विजयादशमी एक और वजह से बहुत विशेष है। इसी दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष हो रहे हैं। एक शताब्दी की ये यात्रा जितनी अद्‌भुत है, अभूतपूर्व है, उतनी ही प्रेरक है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री ने स्त्री शक्ति को नमन करते हुए कहा कि इन दिनों नवरात्र के दौरान शक्ति की उपासना की जा रही है। श्री मोदी ने कहा कि अब कारोबार से लेकर खेल जगत तक और शिक्षा से लेकर विज्ञान तक– हर क्षेत्र में बेटियां अपनी पहचान बना रही हैं। श्री मोदी ने नौसेना की दो बहादुर अधिकारियों लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और रूपा की उपलब्धि की चर्चा की जो नाविका सागर परिक्रमा के दौरान आठ महीने तक समुद्र में रहीं।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री ने सात अक्तूबर को मनाई जाने वाली महर्षि वाल्मीकि जयंती के संबंध में कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने ही रामायण के माध्यम से लोगों को भगवान राम के अवतार से जुड़ी कथा से अवगत कराया।

———बाइट———

7 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती है। हम सब जानते हैं, महर्षि वाल्मीकि भारतीय संस्कृति के कितने बड़े आधार हैं। ये महर्षि वाल्मीकि ही थे, जिन्होंने हमें भगवान राम की अवतार कथाओं से इतने विस्तार से परिचित करवाया था। उन्होंने मानवता को रामायण जैसा अद्‌भुत ग्रंथ दिया।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए पटना स्थित बीजेपी प्रदेश कार्यालय समेत प्रदेशभर में कई स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम

में महापर्व छठ को लेकर प्रधानमंत्री की घोषणा का आम और खास सभी लोगों ने स्वागत किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि छठ हमारी आस्था का महापर्व है और प्रधानमंत्री ने इसे विश्व स्तरीय पहचान दिलाने की घोषणा कर दिल को छू लिया है।

---बाइट---

वहीं, पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह बहुत ही ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा कि लोकप्रिय छठ पर्व को यूनेस्को की विरासत सूची में शामिल करने के प्रस्ताव के लिए प्रधानमंत्री का अभिनंदन है।

---

भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। यह मुलाकात पटना में एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर हुई। इस दौरान चुनाव से जुड़े विभिन्न मुद्‌दों पर बातचीत हुई।

---

बिहार भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव अभियान समिति की घोषणा कर दी है। समिति में पैंतालीस सदस्य शामिल किए गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय समेत बिहार से भाजपा कोटे के केन्द्रीय मंत्री समेत सभी वरिष्ठ नेताओं को अभियान समिति में शामिल किया गया है। वहीं, पार्टी ने बिहार चुनाव के लिए घोषणा पत्र समिति के गठन का ऐलान किया है। इस समिति में प्रेम कुमार, मनन मिश्रा, भीम सिंह, ऋतुराज सिन्हा समेत तेरह लोगों को शामिल किया गया है।

---

चुनाव आयोग बिहार विधानसभा चुनाव और कई अन्य राज्यों में होनेवाले उप चुनाव में निगरानी के लिए चार सौ सत्तर केन्द्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करेगा। आयोग ने प्रेस नोट जारी कर बताया है कि इनमें तीन सौ बीस भारतीय प्रशासनिक सेवा, साठ भारतीय पुलिस सेवा और नब्बे अधिकारी भारतीय राजस्व सेवा से होंगे। यह

पर्यवेक्षक चुनाव के सामान्य प्रबंधन, आचार संहिता अनुपालन, सुरक्षा और कानून व्यवस्था और चुनाव व्यय पर कड़ी नजर रखेंगें।

---

समस्तीपुर में मतदाता जागरूकता के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिला कला और संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता में बच्चों और युवाओं ने भाग लिया।

पश्चिम चंपारण के सिकटा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मैनाटाड़ में आज एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजिन किया गया। केन्द्रीय मंत्री सतीश चन्द्र दूबे ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए सरकार बिहार के विकास की गारंटी है।

---

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि भाषाओं और बोलियों की विविधता के बावजूद भारत धर्म के सूत्र में बंधा होने के कारण एकजुट है। श्री राधाकृष्णन आज पटना ज्ञान भवन में साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित साहित्य महोत्सव उन्मेष के तीसरे संस्करण के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की भाषाएं, साहित्य और संस्कृति समान अभिव्यक्ति मूल्यों को साझा करती हैं और मतभेदों को पाटने में मदद करती हैं। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और राज्य के पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

अंतर्राष्ट्रीय साहित्य उत्सव उन्मेष कार्यक्रम का आज पटना में समापन हो गया। एशिया के सबसे बड़े सहित्य उत्सव में शामिल चार दिवसीय इस आयोजन में विविध विषयों पर विचार और विमर्श किया गया। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने कहा कि आने वाले संस्करणों में हम नई भाषाओं, बोलियों और अन्य कार्यक्रमों को शामिल करेंगे।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज वैशाली जिले में सात सौ चौवालीस करोड़ पचासी लाख रूपये की लागत वाली तीन सौ इकतीस विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इनमे पुस्तकालय, खेल मैदान और कई सड़क संबंधी योजनाएं शामिल हैं। श्री कुमार ने कार्यकर्ताओं के साथ संवाद भी किया। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने आज गोपालगंज जिले में भी एक सौ इक्कीस योजनाओं का शिलान्यास और एकसठ योजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने बरका गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कतरे हुए सरकार की उपलब्धियां बताई। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों की सरकार ने बिहार के लिए कोई कार्य नही किया।

---

शारदीय नवरात्र के सातवें दिन आज देवी दुर्गा के छठे स्वरूप कात्यायनी की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है।

———म्यूजिक———

बांग्ला पद्धति के अनुसार पूजा वाले स्थानों पर आज मां भगवती का पट खुल गया, जहां दर्शन के लिए लोग बड़ी संख्या में उमड़ रहे है। पटना के प्रसिद्ध शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी और छोटी पटनदेवी, कैमूर के मुंडेश्वरी मंदिर, गोपालगंज के थावे मंदिर, दरभंगा के मां श्यामा काली मंदिर, खगड़िया के कात्यायनी शक्तिपीठ, सहरसा के महिषी स्थित उग्रतारा मंदिर और मुंगेर के मां चंडिका शक्तिपीठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी की पूजा—अर्चना कर रहे हैं। दुर्गा पूजा को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में महौल भक्तिमय हो गया है। प्रतिमाओं और पूजा पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

———म्यूजिक———

---

हर्षवर्द्धन कुमार को बिहार क्रिकेट एसोसिएशन का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। पटना में आज हुए चुनाव के दौरान श्री हर्षवर्द्धन निर्विरोध हुआ। बीसीए की नई

कार्यकारिणी सुश्री प्रिया कुमारी को उपाध्यक्ष, जियाउल आरफीन को सचिव, अभिषेक नंदन को कोषाध्यक्ष और रोहित कुमार को संयुक्त सचिव पद पर चुना गया है।

---

दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बीसीसीआई का नया अध्यक्ष चुना गया है। बीसीसीआई मुख्यालय में आयोजित वार्षिक आम बैठक में आज नए पदाधिकारियों के नामों पर अंतिम मुहर लगी है। बोर्ड के 37वें अध्यक्ष बने मन्हास अब रोजर बिन्नी की जगह लेंगे। वहीं, बीसीसीआई के नई टीम में राजीव शुक्ला उपाध्यक्ष, देवजीत सैकिया सचिव होंगे। वहीं, अरूण ठाकुर को आईपीएल आयोजन कमिटी का अध्यक्ष बनाया गया है।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम की एक सौ छब्बीसवीं कड़ी में अपने विचार साझा किए। कहा–महापर्व छठ को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किए जाने का किया जा रहा है प्रयास।
02. निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज की। निगरानी के लिए चार सौ सत्तर केन्द्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की घोषणा।
03. एशिया का सबसे बड़ा साहित्य महोत्सव उन्मेष संपन्न। उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन ने पटना के ज्ञान भवन में समापन सत्र को किया संबोधित।
04. और, प्रदेशभर में शारदीय नवरात्र की धूम। आज माँ दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की हो रही आराधना।

---

समाप्त